समाचार

# एस.ई.सी.एल.की कालोनियों में पसरी गंदगी व एस.एल.आर.एम.सेंटर की बदहाली पर भड़के आयुक्त

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. व निगम के अधिकारियों के साथ सुभाष ब्लाक, जे.पी.कालोनी, एस.बी.एस. कालोनी, एस.ई.सी.एल. कोरबा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण )**

**(सफाई व्यवस्था को तत्काल सुधारने, एस.एल.आर.एम.सेंटर को निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप तैयार करने तथा एस.ई.सी.एल. की स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों को निगम के मिनीमाता एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिलाने के दिए निर्देश )**




कोरबा 08 अगस्त 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज एस.ई.सी.एल. कोरबा क्षेत्र की आवासीय कालोनियों में जगह–जगह पसरी गंदगी, कचरा डम्पिंग स्थल से उठ रही दुर्गन्ध व एस.एल.आर.एम.सेंटर की बदहाली पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होने एस.ई.सी.एल. के संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे आवासीय कालोनियों की सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाएं, सफाई कार्यो की कडी मानीटरिंग करते हुए धरातलीय स्तर पर नियमित सफाई कार्य हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होने एस.एल.आर.एम.सेंटर की बदहाली दूर कर उसे 01 माह

के अंदर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप तैयार करने तथा एस.ई.सी.एल. की स्वच्छता दीदियों को निगम के मिनीमाता एस.एल.आर.एम.सेंटर में कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश प्रतिष्ठान के अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज एस.ई.सी.एल. कोरबा तथा निगम के अधिकारियों की टीम के साथ एस.ई.सी.एल.की आवासीय कालोनियों सुभाष ब्लाक, जे.पी.कालोनी, एस.बी.एस. कालोनी, जी.एम. आफिस के आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था एवं एस.ई.सी.एल. द्वारा संचालित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जगह–जगह बिखरी गंदगी व साफ–सफाई के अभाव पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने गहरा अफसोस जताते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की तथा सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने व कालोनियों की गंदगी दूर करने, नियमित सफाई कार्य कराए जाने तथा 15 दिवस के अंदर कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास स्थित कचरा संग्रहण स्थल पर उठती अत्यंत बदबूदार दुर्गन्ध एवं इससे दूषित होने वाली, वहॉ आबोहवा को गंभीरता से लेते हुए उन्होने प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि इस गंभीर स्थिति को तत्काल सुधारे तथा यहॉ की सम्पूर्ण सफाई सुनिश्चित करते हुए कचरे का उचित प्रबंधन करें।

**<u>एक माह में सुधारे बदहाल एस.एल.आर.एम.सेंटर की दशा</u>** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर एस.ई.सी.एल. द्वारा बनाए गए एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया। सेंटर बदहाल स्थिति में है तथा वहॉ की गतिविधियॉ शून्य है, सेंटर में सन्नाटा पसरा है, कचरे का ढेर यत्र–तत्र बिखरा है तथा कचरा प्रबंधन से जुड़े किसी भी प्रकार के क्रियाक्लाप संचालित नहीं है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि 01 माह के अंदर सेंटर की व्यवस्थाओं को निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप तैयार कर वहॉ पर कचरा प्रबंधन की गतिविधियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित कराएं।

**<u>जी.व्ही.पी.प्वाईंट समाप्त करें</u>** – भ्रमण के दौरान देखा गया कि आवासीय कालोनियों की सड़कों व मुख्य मार्ग पर अनेक स्थलों पर लोगों द्वारा कचरा डाला जा रहा है, जो वहॉ पर काफी दिनों तक डम्प रहता है। इन स्थलों में कालीबाड़ी मोड़ एवं पोस्ट आफिस के पास तथा एस.ई.सी.एल. सतनाम प्रांगण के पास आदि स्थल शामिल हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि इन सभी जी.व्ही.पी. प्वाईंटों को समाप्त कराए, स्थलों की फेंसिंग कर वहॉ सौंदर्यीकरण करें तथा फूलदार पौधे व अन्य सजावटी सामग्रियॉ स्थापित कर स्थलों को बेहतर स्वरूप दें ताकि लोग इन स्थलों पर कचरा न डालें, साथ ही लोगों को समझाईश दें कि वे वहॉ कचरा न डालें।

**<u>डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण को प्रभावी बनाएं</u>** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. कोरबा द्वारा आवासीय कालोनियों में की गई डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न आवासीय कालोनियों में कुल 1284 आवासगृह हैं तथा 04 रिक्शें के माध्यम से अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कराया जाता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने रिक्शों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि प्रत्येक घर से समय पर कचरे का संग्रहण किया जा सके। उन्होने सफाई रिक्शों को अपडेट करने, सूखा व गीला कचरा तथा डोमेस्टिक अपशिष्ट पृथक–पृथक संग्रहित करने, कचरे का स्त्रोत पृथकीकरण कराने, स्वच्छता दीदियों को निर्धारित ड्रेस व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**<u>स्वच्छता दीदियों को दिलाएं कार्य का प्रशिक्षण</u>** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. के अधिकारियों से कहा कि वे डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण में कार्यरत स्वच्छता दीदियों को सूखे व गीले कचरे का पृथक–पृथक संग्रहण, कचरे का स्त्रोत पृथकीकरण व प्रबंधन एवं गीले कचरे से खाद बनाने से जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाओं व कार्यो का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संचालित मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर में भेंजे व उन्हें प्रशिक्षित कराएं ताकि प्रतिष्ठान की आवासीय कालोनियों से उत्सर्जित कचरे का उचित प्रबंधन व समापन सुनिश्चित हो सके।

**<u>कचरा फैलाने पर लगा अर्थदण्ड</u>** – भ्रमण के दौरान आवासीय कालोनियों में स्थित दुकानों के संचालकों द्वारा दुकानों से उत्सर्जित कचरे को खुले पर फेंका गया था, साथ ही दुकानों में डस्टबिन भी नहीं रखे गए थे, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस पर संबंधित दुकानदारों को अर्थदण्ड लगाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए, साथ ही दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी कि वे दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा कचरे को डस्टबिन

में ही डालें, सड़क के किनारे कचरा न फेंके अन्यथा दुकान को सील किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

**<u>हाई स्कूल में निर्मित अतिरिक्त भवन का किया निरीक्षण</u>** – जिला खनिज न्यास मद से 18 लाख 48 हजार रूपये की लागत से शासकीय हाई स्कूल जे.पी.कालोनी के अतिरिक्त भवन का निर्माण निगम द्वारा कराया गया है, भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय हाई स्कूल पहुंचे तथा नवनिर्मित अतिरिक्त भवन का निरीक्षण किया, भवन के विभिन्न कक्षों में पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। इसी प्रकार जिला खनिज न्यास मद से ही 06 लाख 30 हजार रूपये की लागत से स्कूल परिसर में 03 नग साईकिल स्टैण्ड बनाए गए हैं, उनका निरीक्षण भी आयुक्त श्री पाण्डेय के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, एस.ई.सी.एल. के स्टाफ आफिसर नीलगिरी पटेल व सिविल इंचार्ज रोहित कुमार, विजय कुमार राठौर, निगम के संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।